हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

4 डीईओ ने प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षकों को किया सस्पेंड



## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

**डोमनहिल।** 27 जून से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले नगर पालिक निगम चिरमिरी के कर्मचारियों के वेतन भुगतान, कोरिया गेल्हा पानी में सिटी बस संचालक एवं साजा पहाड़ लामी घोड़ा सहित चिरमिरी के सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे नागरिकों की परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए धरना प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया गया है। इस संबंध में बीते 24 जून को गोंडवाना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष शेख इस्माइल ने नगर निगम आयुक्त को पत्र सौंपा था। पत्र में स्पष्ट किया था कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से नगर पालिक निगम के कर्मचारी स्थाई तथा अस्थाई का वेतन लगभग पिछले चार माह से आज तक नहीं किया गया है, इस विषय पर पार्टी के द्वारा निगम को पत्र दिया गया था। उक्त विषय पर आज तक कोई भी वेतन भुगतान एवं सफाई और ना ही रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों की मरम्मत का कार्य किया गया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नगर हित के कार्य के लिए पार्टी नगर निगम के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और आमसभा 27 जून को करेगी।

### रेलवे लाइन के ऊपर पुलिया निर्माण कार्य में तेजी



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के कालीबाड़ी के नजदीक रेल्वे लाइन के ऊपर चौड़ा पुल बनने का काम शुरू होने पर स्थानीय लोगों में काफी हर्ष है। इस पुल के बनने का सबसे ज्यादा लाभ लोको, रेल्वे कालोनी में रहने वालों को होगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में लोगों कॉलोनी रेलवे परिक्षेत्र में रहने वाले लोगों को मनेन्द्रगढ़ बाजार में आने के लिए काफी दिक्कत हुआ करती थी ,अब इस पुल के बन जाने के बाद उन्हें काफी राहत मिलेगी। लोग अभी फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करते हैं। इसमें मात्र टू व्हीलर गाड़िया ही निकल पाती है,ऐसे में रेल्वे व लोको में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है, ऐसे में इस पूल के बन जाने के बाद उन्हें आवागमन में काफी सुविधा होगी। जानकारी के अनुसार यह पुल रोड लेबल से लगभग ढाई मीटर ऊंचा रहेगा, इसके अलावा 50 मीटर रोड मौहारपारा की ओर तथा पुल से 50 मीटर रोड राजस्थान भवन की ओर बनाई जाएगी। पुल बनाने के लिए पिलर बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पिलर बनने के बाद उसके उपर प्रिकास्टिंग स्लेब रखे जाएंगे।

### युवक के पास से पौने दो किलो गांजा बरामद



**बिश्रामपुर।** ईंट बनाने का कार्य संपन्न होने उपरांत वर्तमान में अवैध गांजा तस्करी कार्य में लिप्त एक ग्रामीण युवक को जयनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। गौरतलब है कि दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोईलार निवासी 35 वर्षीय ओम प्रकाश पिता धन साय हरिजन को मंगलवार की सुबह प्रेमनगर निवासी एक व्यक्ति के पास से गाँजा खपाने का ऑर्डर मिला,इसके अनुसार आरोपी पिट्ठू बैग में अपनी एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 यू डीएफ 9377 से ग्राम पंचायत राजापुर निवासी एक व्यक्ति के पास एक किलो 725 ग्राम अवैध गांजा को बेचने आया था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर जयनगर पुलिस ने ग्राम पंचायत राजापुर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपी युवक को पकड़ लिया है।

## खेती-किसानी कार्य ने पकड़ा जोर अब झमाझम बारिश का इंतजार

### खाद-बीज की बिक्री जोरों पर, सुबह से किसान पहुंच जाते हैं खेत पर



खेती-किसानी में जुटे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आषाढ़ शुरू होने के बाद भी कोरिया जिले में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है,लेकिन जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश के बाद खेतों में खेती-किसानी कार्य की हलचल शुरू हो गई है।

कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीते दिनों हुई झमाझम बारिश के बाद जमीन में नमी आ गई, इसके बाद किसानों ने अपना हल बैल लेकर खेतों की जुताई का कार्य शुरू कर दिए। इस वर्ष समय पर प्री-मानसून की भी बारिश नहीं हुई। जून माह अब बीतने वाला है,लेकिन अब तक जिले में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है, कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के बाद जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों में हल चलने शुरू हो गए हैं। इस दौरान कई लोगों के द्वारा खेतों की जुताई कर धान के खुर्रा बोनी का काम भी शुरू कर दिया गया, इसके बाद अच्छी बारिश होती है तो सभी तरफ के खेतों में किसानों द्वारा अपने खेतों की जुताई कार्य जोर-शोर से भीड़ जाएंगे। कोरिया जिले में खरीफ सीजन की प्रमुख रूप से धान की खेती की जाती है, इसके लिए जोत तैयार करने का काम किसानों के द्वारा शुरू कर दिया गया है, इसके बाद धान का पौधा तैयार करने के लिए बीज का छिड़काव करना शुरू हो जाएगा।



### धान के पौधों की हरियाली

वर्तमान में कुछ किसानों द्वारा जिनके खेत सिंचाई वाले साधन के पास है, उनके द्वारा धान का पौधा तैयार करने के लिए बारिश के इंतजार के पूर्व ही धान के बीच धान के पौधे तैयार करने के लिए बीज छिड़क दिए थे, जो अब उगकर बढ़ोत्तरी कर रहे हैं, जो अब उगकर खेतों में हरियाली बिखेर रहे हैं,जबकि ज्यादातर किसान अब जाकर खेतों की जुताई कर रहे हैं और धान के पौधे लगाने की तैयारी में हैं और कुछ दिनों के बाद सभी तरफ के खेतों में हरियाली दिखाई देने लगेगी।

### हाईब्रीड बीज की खरीदी में जुटे किसान

अब ज्यादातर किसानों के द्वारा हाईब्रीड धान बीज का उपयोग करते हैं, इसके लिए बाजार में विभिन्न कंपनियों के हाईब्रीड धान बीज की खरीदी करने के लिए किसान जुट गए हैं। विभिन्न धान बीज कंपनियों के द्वारा बरसात शुरू होने के पूर्व गर्मी में ही प्रचार-प्रसार शुरू कर दिए थे। वर्तमान दौर में किसान परंपरागत धान बीजों का उपयोग कम कर दिए हैं और ज्यादातर किसान हाईब्रीड धान बीज का उपयोग करते हैं, जो अधिक उपज देते हैं, इसके अलावा कम वर्षा एवं कम समय में तैयार होने वाले हाईब्रीड धान बीज भी बाजार में उपलब्ध हैं।



### लंबे इंतजार के बाद झमाझम बारिश

आषाढ़ माह का तीसरा दिन बीतने के बाद चौथे दिन बुधवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में अपरान्ह के समय करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई, इससे कई दिनों से चल रही उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिल गई। इसके पूर्व जिले के कई क्षेत्रों में बारिश बीच-बीच में होती थी, लेकिन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सूखा ही रहता था। इस तरह जून के अंतिम सप्ताह में बुधवार को अपरान्ह में हुई कुछ देर की झमाझम बारिश से शहर को तरबतर कर दिया। सड़कों पर पानी का जमाव हो गया। इस वर्ष की मानूसनी बारिश में बुधवार को अपरान्ह के समय झमाझम बारिश हुई, इसके पहले पूर्वान्ह के समय में भी शहर में हल्की बारिश हुई थी, लेकिन अपरान्ह में जमकर बारिश हुई,इससे कि कई दिनों से उमस से लोगों को थोड़ी राहत मिल गई। इस दिन जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर बारिश होने की जानकारी है।

**खंड वर्षा जैसी बनी है स्थिति-** कोरिया जिले में मानसून आने के बाद भी सभी क्षेत्रों में बारिश नहीं हो रही है। प्री मानसून के पश्चात से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश होने की जानकारी मिलती रही है। इस तरह इस वर्ष जिले में अब तक खंड़ वर्षा जैसी स्थिति जिले में देखने को मिल रही है। जिले के कई क्षेत्रों में कई दिन बारिश अच्छी हो चुकी है, लेकिन शहर क्षेत्र में बुधवार को झमाझम बारिश हुई।

### एक घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल

बुधवार को अपरान्ह के समय हुई झमाझम बारिश के बीच ही शहर के कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। जिसके बाद एक घंटे से अधिक समय तक शहर के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। विद्युत वितरण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष मानसून पूर्व मेंटेनेंस का कार्य करता है, लेकिन इस वर्ष पहली झमाझम बारिश के दौरान ही बिजली कट की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। काफी समय तक बिजली आपूर्ति शहर क्षेत्र में बाधित रहने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

## मधुमेह जागरूकता दिवस आज

## खान पान में बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

डायबिटीज यानी मधुमेह की बीमारी से ग्रसित होने वाले लोगों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है जो चिंता का विषय है। अब तो स्थिति यह हो गई है कि कम उम्र में ही कई लोग मधुमेह की चपेट में आने लगे हैं। इस संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 27 जून को मधुमेह जारूगकता दिवस मनाया जाता है।

आज के दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित कर इस बीमारी के बारे में बताता है तथा लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली जाती है। चिकित्सकों के अनुसार बदलती लाइफ स्टाइल के कारण डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। चिकित्सकों के अनुसार यह डायबिटीज कोई बीमारी नहीं है। यदि हम अपने जीवन शैली को सुधार ले तो डायबिटीज होने का खतरा नहीं होता, यदि असयमित जीवन शैली के कारण हो गई है, तब कई तरह के बातों का ख्याल रखना जरूरी होता है। चिकित्सकों के अनुसार डायबिटीज से ग्रसित लोगों को खान-पान में विशेष ध्यान रखना पड़ता है, इसके अलावा दवा भी लेते रहना पड़ता है। चिकित्सकों का कहना है कि वर्तमान के भागम भाग की भरी जिंगदी के कारण लोगों की जीवन शैली में काफी बदलाव आ गया है ,अपने स्वास्थ्य के प्रति लोग लापरवाह होते जा रहे हैं, इसके कारण डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है।



### धीमा जहर की तरह है मधुमेह

डायबिटीज यानी मधुमेह की बीमारी एक धीमा जहर की तरह है, इसके प्रति गंभीर नहीं हुए तो शरीर को धीरे-धीरे गंभीर स्थिति में ला सकता है। मधुमेह के कारण शरीर के भीतरी कई महत्वपूर्ण आर्गन को गंभीर रूप से नुकसान भी पहुंचा सकता है, इसलिए मधुमेह के रोगियों को अपने शुगर लेवल को नियमित रूप से जांच करते तो रहना ही चाहिए, इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण जांच कराने की जरूरत होती है। इस दिशा में लापरवाही शरीर को गंभीर स्थिति में ला सकता है।

### उचित आहार के साथ व्यायाम जरूरी

उचित आहार एवं व्यायाम नियमित रूप से डायबिटीज को नियंत्रित किया जा सकता है, इसके साथ ही दवाईयां भी लेनी पड़ती है। कहा जाता है कि प्रतिदिन तेज कदम से चले तो डायबिटीज पीछे छूट जाता है, इसलिए यह जरूरी है कि अपनी सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें या फिर तेज चाल में कुछ कदम चले तो डायबिटीज को नियंत्रित किया जा सकता है ,इसके अलावा खान-पान में कुछ बातों को लेकर परहेज करने की भी जरूरत होती है।

## जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक

### शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज धूमधाम से मना





**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा बैकुंठपुर में 26 जून को नए शिक्षण सत्र के लिए शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन स्कूल आने वाले नौनिहाल बच्चों को पुष्प वर्षा के साथ शिक्षकों एवं शाला परिवार के द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, एसएमडीसी अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, अभिभावक, प्राचार्य अभय कुमार शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं पार्षद श्रीमती ममता गोयन के द्वारा रखा गया था। छग में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, ममता गोयन एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों को प्रेरित किया।

### केवी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मना

**चिरमिरी।** केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में कक्षा 1 के लिए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एनके सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक नन्हें-मुन्हें बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा प्रवेशोत्सव को



यादगार बनाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, संगीत, नाटक तथा एक्शन सांग आदि में प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य श्री सिन्हा ने लक्ष्य बनाकर पढ़ने, नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने शिक्षक, माता -पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कहीं। इस दौरान प्रभारी प्रधान अध्यापक हेमंत कश्यप एवं अन्य शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को विद्यालय संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं वर्षभर होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देकर नवागत बच्चों को प्रोत्साहित भी किया गया एवं नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री कोमल शर्मा के द्वारा किया गया।

## नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, फूल माला मिठाई के साथ कराया गया शाला प्रवेश



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक।

बैकुण्ठपुर

शिक्षा सत्र 2024-25 के शुभारंभ एवं शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बुधवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खरवत में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक भईयालाल राजवाड़े. के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा छग महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलित कर तथा राज्य गीत के साथ किया गया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव कराया गया। इस मौके पर नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को गणवेश तथा पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि 26 जून से नए शिक्षा सत्र 2024-25 का आगाज हो रहा है। आप सभी के सहयोग से छग में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व एवं क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है, ताकि हमारे राज्य के बच्चे वैश्विक परिवेश में पहचान स्थापित कर सके। इस कार्य में आप सभी की भूमिका अपेक्षित है। शाला प्रवेशोत्सव के पावन अवसर पर आप एवं आपके साथी सक्रिय सहभागिता निभाएं,ताकि हमारे बच्चे आप लोगों से प्रेरणा ले सकें एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। राष्टीय शिक्षा नीति के अनुरूप सभी कक्षाओं में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। अलाभान्वित समूह के बच्चों को समुचित शिक्षा प्रदान किया जाना है। इस दृष्टिकोण से हम सभी शालाओं में बुनियादी सुविधा एवं शिक्षकों की उपलब्ता निश्चित कर रहे हैं। शिक्षा की राह में आने वाली बाधा को हम सब मिलकर दूर करेंगे। राज्य में विद्यालयीन शिक्षा के क्षेत्र में समस्त अधोसंरचनाएं, सुविधाओं का विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। शिक्षा की गुणवत्ता विकास के लिए आवश्यक प्रयास, तत्परता से किया जाएगा। इस महाभियान में आपका सहयोग अमूल्य होगा। हम अपने बच्चों का भविष्य बहुत ही खूबसूरती से सवारेंगे। शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में अभियान चलाएंगे। राष्टीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को हम सभी समुचित प्रयास से प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रिय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने नवप्रवेशी बच्चों सहित विद्यालय के अन्य बच्चों को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

### प्रवेशोत्सवः नए सत्र की नई शुरूआत का उत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** 26 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गई है। सभी स्कूलों में बड़े ही उमंग और उत्साह से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केल्हारी में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत केल्हारी सरपंच आशा सिंह, अन्य अतिथि उपेन्द्र द्विवेदी, हरिओम पाण्डेय एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। उन्होंने छग महतारी और सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। शाला प्रवेशोत्सव में आए नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाया और उनका अभिवादन किया। हर बच्चे को राष्टीय मिठाई बूंदी के लड्डू खिलाकर मूंह मीठा कराया गया। अभिवादन और आयोजन के साथ शाला में प्रवेश कर रहे बच्चों में भी खुशी दिखी। बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से शाला प्रवेशोत्सव का आनंद लिया। साथ ही उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया एवं विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया।



### स्कूल के पट खुले, धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के सभी विद्यालय में 26 जून को लंबी अवकाश के बाद स्कूलों के पट खुले और शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में नवप्रवेश इसी बच्चों को चंदन तिलक लगाकर मूंह मीठा करा कर दाखिला दिया गया, इसके साथ ही नव प्रवेशी विद्यार्थियों के साथ पुराने विद्यार्थियों को कक्षा पहली से आठवीं तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तक और स्कूल गणवेश का वितरण किया गया और बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत महाराजपुर के पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों और अभिभावकों के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया और न्योता भोज का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला हर्रा में भी सभी नव प्रवेशी बच्चों को मूंह मीठा कराया गया और सभी अभिभावकों को भोजन भी कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता महेश साहू रहे। मुख्य अतिथि महेश साहू के द्वारा सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की और कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है, शिक्षा ही मूल मंत्र है।



## भाजपा ने आपात काल एक काला दिवस के रूप में मनाया

## सत्ता के बल पर लगाया गया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने 25 जून को आपातकाल की विभीषिका को आपातकाल एक काला दिवस के रूप में मनाया। 1975 को लगाए गए आपातकाल को 49 साल पूरे हो चुके हैं।

भाजपा इस दिन को भारतीय लोकतंत्र की हत्या का सबसे काला दिवस के रूप में मनाती आई है। इसी कड़ी में शीतला माता की मढ़यिा के सामने आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसके पूर्व मीसा बंदियों का सम्मान शॉल, पुष्पमाला और श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने कहा कि आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है कि कब, किसको, कहां से उठा कर जेलों में भर दिया जाएगा। इस दौरान देशभर में लाखों लोगों को जेलों में भर दिया गया। देश एक अघोषित खुली जेल बना दिया गया था। आपातकाल लोकतंत्र पर एक स्याह धब्बा है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले ने कहा कि जब इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए इलाहबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को ना मानते हुए देशभर को खुली जेल बना दिया था। प्रत्येक निजी संस्थानों की आजादी छीन ली गई थी। वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश्वर मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों तक को सरकार के खिलाफ बोलने पर जेल में भर दिया जाता था। आज भी आपातकाल को इसलिए याद किया जाता है, ताकि देश में पुनः ऐसा काला दौर लौट के ना आ सके। कार्यक्रम में जमील शाह, सुरेश श्रीवास्तव, श्रीमती जफरू निशा,रामचरित द्विवेदी, जया कर, प्रतिमा पटवा, राम लखन शर्मा,धर्मेन्द्र पटवा, प्रवीण सिंह, विजय पाठक सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान मंच संचालन विवेक अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन एमपी सिंह के द्वारा किया गया।



आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मीसा बंदियों का सम्मान करते अतिथि।

## पब्लिक स्कूल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**मनेंद्रगढ़।** रिंग रोड में संचालित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के मानक बिंदुओं को पूरा करते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर लिया। शिक्षा के क्षेत्र में नित नवीन एवं बेहतर प्रदर्शन के साथ बेस्ट फ्यूचरिस्टिक एजुकेशन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम करना, विद्यालय परिवार के साथ-साथ क्षेत्रवासियों के लिए भी गौरव का विषय है।




राष्ट्रीय विद्यालयी पुरस्कार के अंतर्गत दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने भविष्योन्मुखी शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार हासिल किया एवं साथ ही साथ बेहतरीन आधारभूत संरचना का भी पुरस्कार अपने नाम किया। बीते 23 जून को बेंगलुरु में हुए पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के भूतपूर्व एडिशनल शिक्षा सचिव डॉ.राज कुमार खत्री एवं गेस्ट ऑफ ऑनर दयानंद सागर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु के डीन कैप्टन, नागराज सुब्बाराव की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय के निदेशक व भूतपूर्व न्यायाधीश व्यंकटेश सिंह को विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए एवं विद्यालय के आधारभूत संरचना के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के तौर पर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के उपरांत विद्यालय केनिदेशक वेंकटेश सिंह एवं निदेशिका पूनम सिंह, प्रचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी के साथ-साथ विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं, शिक्षकगण एवं सहकर्मियों के लिए यह गर्व का क्षण रहा।

## खबर संक्षेप



### खैरबार को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** खैरबार ग्राम पंचायत को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में भाजपा नेता जितेंद्र सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौपा है। 24 जून को सरगुजा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौपते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने बताया कि खैरबार ग्राम पंचायत पहले वनग्राम था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे राजस्व ग्राम बनाने की 2015 में घोषणा की थी लेकिन इसी बीच सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के साथ आज 9 वर्ष बाद प्रशासनिक प्रक्रिया में आज भी राजस्व ग्राम अस्तित्व में नहीं आया है। जिसके कारण ग्राम वासियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को बेचा नहीं जा सकता, घर बनाने व अन्य कार्य हेतु कर्ज नहीं ले सकता, जाती, निवास प्रमाण पत्र तक बनाने में दिक्कत आती है। नक्शा काट पाना संभव नहीं है, ऑनलाइन नक्शा उपलब्ध नहीं है, ग्राम पंचायत का प्रथम प्रकाशन हो गया है जिसमें 144 आपत्तियां हैं। उन्होंने ने सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है और खैरबार के निवासियों को भरोसा है कि प्रशासनिक प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर ग्राम पंचायत खैरबार को जल्द से जल्द राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जायेगा। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।

### प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सरगुजा के 39 स्काउट्स एवं गाइड्स



**अंबिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा 19 से 23 जून तक पर्वतारोहि व्यक्तित्व विकास एवं ट्रैकिंग शिविर का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में किया गया। पांच दिवसीय शिविर में सरगुजा जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 39 सदस्य शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग से अनुदान प्राप्त ई एवं टी सवर्ग के शासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत सीनियर स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर्स, रेंजर्स के लिए शिविर आयोजित किया गया था जिसमें सरगुजा जिले में संचालित विद्यालयो से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के ब्लॉक अम्बिकापुर से 19 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, ब्लॉक सीतापुर से 3 सीनियर स्काउट्स, ब्लॉक उदयपुर से 2 स्काउट्स, ब्लॉक लुंड्रा से 4 गाइड्स एवं पूरे जिले से 7 सीनियर रोवर्स-रेंजर्स सहित 4 प्रभारी स्काउटर-गाइडर हुये शामिल। जिले से गाइड प्रभारी के रूप में सीनियर गाइडर अरुणा टोप्पो, शिखा पाण्डेय, स्काउट प्रभारी के रूप में एल्युश लकड़ा, अनिल बरवा के नेतृत्व में स्काउट्स-गाइड्स शामिल हुए। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों को सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन स्काउट कमिश्नर अशोक कुमार सिन्हा, जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला प्रशिक्षक मनीष गुप्ता के साथ जिले के स्काउट्स पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं।

### गौ मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार दो अन्य आरोपी हुए फरार



**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने मंगलवार को एक अधेड़ उम्र के ग्रामीण को गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है ,मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।पुलिस ने बताया कि हिंदू संगठनों से जुड़े युवकों ने दतिमा में एक ग्रामीण के घर स्थित गौ मांस बनने की सूचना पुलिस को दी थी, सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस संबंधित ग्रामीण के घर पहुंची तो उक्त घर में मांस पकाने की तैयारी चल रही थी।पुलिस ने आरोपी ग्रामीण लक्ष्मी प्रसाद सारथी पिता चंदन सारथी 50 वर्ष निवासी ग्राम दतिमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की ,इस दौरान उसने बताया कि झूमरपारा निवासी दूध प्रसाद घसिया ने उसे उक्त गौ मांस लाकर दिया था, पूछताछ में ग्रामीण ने अपने एक अन्य सहयोगी दतिमा निवासी हीरालाल घसिया का भी नाम घटना में शामिल होना बताया है जो कि दोनों फरार बताए गए हैं।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्पष्ट होगा की उक्त गौ मांस कैसे और कहां से लाए थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 153 ए, 295 ए के तहत अपराध दर्ज कर पकड़ में आए आरोपी लक्ष्मी प्रसाद सारथी आ. चंदन सारथी को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मेवाडांड़ निवासी सुरेश सिंह आ. स्व. मतवार सिंह (50 वर्ष) 13 जून अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन उपचार कराने के बाद परिजन स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लेकर चले गए। इसी बीच रविवार को पुनःतबीयत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## ग्राम पंचायत भुषु का मामला, ग्रामीणों ने तैयार किया पंचानामा

# सरपंच ने बेच दिए गौठान में लगे शेड, सबमर्सिबल पंप व सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार में बनाए गए गौठानों की हालत बदतर हो चुकी है। देखरेख के अभाव में गौठान जर्जर हो गए है लेकिन इन सब के बीच एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने गौठान में लगे सामानों को बेच दिया। सरपंच ने गौठान में लगे शेड, पाइप, पंप व अन्य सामानों को औने पौने दामों में बेच दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लोग गौठान का सामान खोलकर लेकर जाने लगे। ऐसे में ग्रामीणों ने सरपंच को घेर लिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने इस मामले में दोषी सरपंच व सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद पूरा गौठान वीरान और उजाड़ पड़ा हुआ है। यह पूरा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत भुषु का बताया जा रहा है। बता दें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत गांव गांव में गौठानों का निर्माण किया गया था। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान का उद्देश्य पशुधन संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देना था इसके साथ ही पशुपालकों से गोबर खरीदी कर जैविक खाद बनाने का काम किया जा रहा था। गौठानों के माध्यम स्वयं सहायता समूहों के जीविकोपार्जन हेतु अनेकों कुटीर उद्योग भी लगाए गए लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान वीरान पड़े है। देखरेख के आभाव में बेकार पड़े गौठान का फायदा गांव के सरपंच ने उठाया। आरोप है कि सरपंच ने गौठानों में रखे सामानों को बेचना शुरू कर दिया था और धीरे धीरे कर वही गौठान के सभी सामान बेच रहा था। इस दौरान गौठान में लगे सीमेंट के शेड, लोहे का पाइप, सबमर्सिबल पंप को उसने किसी को बेच दिया। जब उक्त व्यक्ति सरपंच की मौजूदगी में सामान निकालकर लेजा रहा था तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया।

**खास बात**

- एक माह बाद भी नहीं किया पुन: निर्माण



उजाड़ गोठा, इनसेट में सरपंच से जब्त सामग्री।

### एक महीने में सामान लौटाने का दिया था आश्वासन

गौठान का सामान बेचने का विरोध करते हुए इसे गैरकानूनी बताया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए सरपंच ने उन्हें एक माह में सामान वापसी व गौठान को पुनः ठीक करने का आश्वासन दिया। ऐसे में ग्रामीणों की मौजूदगी में 14 मई को पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा में 40 नग शीट,14 नग पाइप को सरपंच द्वारा अपने घर लेजाने की बात स्वीकार की गई और एक माह में पुनः गौठान निर्माण का वादा किया गया। अब ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच द्वारा दिए गए समय अवधि में ना ही गौठान का निर्माण किया गया और ना ही सामान लौटाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में सचिव ने भी चुप्पी साध ली है। ऐसे में ग्रामीण सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है।

### किसानों के लाखों रुपए फंसे

गौठान में जैविक खाद बनाने के लिए गांव के किसानों से गोबर की खरीदी की गई थी। गांव के कई किसानों ने इस उम्मीद के साथ गोठान में अपना गोबर बेचा था कि इसके बदले उन्हें अच्छी खासी कमाई हो जाएगी लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया। सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण गांव के पंकज यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव, हरि यादव समेत अन्य किसान के पैसे डूब गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच सचिव से अपने गोबर के पैसों की मांग की लेकिन सरपंच और सचिव ने उनकी बात नहीं सुनी और राशि का भुगतान नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच को नशे की लत है और अक्सर वह शराब के नशे में रहता है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने गौठान के सामान को बेच दिया। इसके साथ ही उन्होंने गोबर की राशि को भी गबन करने का आरोप लगाया है।

### की जाएगी जांच

इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

-एस के मरकाम
सीईओ जनपद पंचायत



## चोरी के तीन अलग-अलग मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की गई एसी कॉपर, सौर ऊर्जा कॉपर तार व बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

मानपुर निवासी रमाकांत यादव ने 24-25 अप्रैल की रात कुटुम्ब न्यायालय भवन से 3 एसी का कॉपर पाईप अज्ञात द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में 21 जून को भैयाथान रोड निवासी राकेश महराज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया 20 जून को कुटुम्ब न्यायालय भवन के ऊपर छत में लगे सौर ऊर्जा का कॉपर तार को अज्ञात लोगों चोरी कर ले गया है। तीसरे मामले में 23 जून को ग्राम साल्ही रामानुजनगर निवासी निलेश कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी दोस्त की शादी में शामिल होने के दौरान उसके बाइक को चोरों ने ग्राम देवीपुर से पार कर दिया है। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जेल पारा का मुजफ्फर खान व मस्जिदपारा का सोहेल खान दोनों एसी कॉपर पाइप व सौर ऊर्जा का कॉपर तार बेचने के फिराक में है। पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ किया तो दोनों ने कुटुम्ब न्यायालय से एसी कॉपर पाइप तथा सौर ऊर्जा का कॉपर तार चोरी करने की बात बकूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एसी कॉपर पाईप, सौर ऊर्जा का कॉपर तार, घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, कटर एवं बाइक जब्त किया। आरोपी जेलपारा निवासी मुजफ्फर खान आ. अब्दुल हुसैन (27 वर्ष) व मस्जिद गली निवासी सोहेल खान उर्फ शानू आ. शाहजहां खान (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक बेचने की फिराक में बस स्टैण्ड में घुम रहे कौशल कुमार टान्डिया को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि फरवरी में ग्राम गोरता लखनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गया था रात में पैदल शादी से मानी जोबगा केतका होते हुए वापस आ रहा था तभी ग्राम देवीपुर में शादी वाले घर के बाहर बाइक को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर लिया।

## स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती माताओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर, रामानुजनगर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इस तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हिंकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में 100 हितग्राहियों का निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की गई। शासकीय संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरिजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बडी राहत है। इससे मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी, साथ ही समय एवं आर्थिक हानि होने से भी उनको बचाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान में 28, ओड़गी में 22, प्रतापपुर में 32 एवं रामानुजनगर में 18 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।



## तीन महीने बाद लौटी कन्हर नदी की धार, भीषण जल संकट से जूझ रहे लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

तीन महीने पूर्व क्षेत्र की जीवनदायिनी कन्हर नदी के सूखने से भीषण जल संकट का सामना कर रहे नगरवासियों को नदी की धार शुरू होने के कारण भारी राहत मिली है। मानसून की पहली वर्षा के बाद कन्हर नदी की धार बीती रात शुरू हुई तथा एनीकट में नदी का पानी पहुंच गया है। कन्हर नदी में पानी आने से जल स्तर में सुधार होगा वहीं नगर पंचायत की जलप्रदाय व्यवस्था अब बाधित नहीं होगी।

- नदी के बीच रेत में डबरी बनाकर नपं करा रहा था पानी की आपूर्ति

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही कन्हर नदी पूर्णतः सूख गई थी जिसके बाद से नगर में लगातार जल संकट गहराते जा रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि मई के दूसरे पखवाड़े एवं जून के प्रथम पाखवाड़े में पानी के लिए नगर में हाहाकार मच गया। जैसे-तैसे नगर पंचायत द्वारा नदी में डबरी खोदकर जल आपूर्ति की गई। पानी की कमी होने के कारण पहले पखवाड़े से ही एक दिन लोगों के लिए भारी पड़ रहा था। प्रतिदिन नगर के कुएं एवं हैंडपंप सूखते जा रहे थे। कई हैंडपंप, कुंए ऐसे थे जो अब तक नहीं सूखे थे वह भी सूख गए। नगर पंचायत द्वारा सुबह से लेकर देर शाम तक टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। इस बीच बीबी मध्य रात्रि एनीकट तक पानी पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। कन्हर नदी गंगा के समान उत्तरवाहिनी है। कन्हर नदी के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था जुड़ी है। नदी में 84 दिन बाद जब पानी पहुंचा तो मंगलवार को सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भारी भीड़ कन्हर नदी पर उमड़ी।

खुड़िया के पठार से निकलती कन्हर जिले की सबसे बड़ी नदियों में से एक कन्हर नदी तीन राज्य के लोगों की जरूरतें पूरी करती है। यह जशपुर के खुड़िया पठार से निकलकर सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिलती है। सोन का पानी आगे चलकर गंगा नदी में मिलता है। कन्हर नदी के सूखने से छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सरहदी क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया था। कन्हर में पानी आने से रामानुजगंज सहित सरहद पर बसे छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोगों ने राहत की सांस ली है।



## प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की लगी होड़ लग गई है। आज प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय राजस्व भूमि पर अवैध रूप से बन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए रामजीत यादव के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बताया जा रहा है कि आसपास बने कई मकान जो शासकीय भूमि पर बने है उसे नहीं हटाया गया है। सिर्फ एक मकान को गिराने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने बताया कि व्यक्तिगत तरीके से एक मकान पर कार्रवाई कर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। जबकि शासकीय भूमि पर कई लोग अतिक्रमण किए हुए हैं।लंबे अरसे के बाद में इस तरह की कार्रवाई होने से हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों पर नोटिस जारी की गई है। लगातार कार्रवाई होगी।



### शासकीय भूमि से हटेंगे अतिक्रमण

जहां-जहां शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हुआ है सभी अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण कर बनाए घर को तोड़ा जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## रामानुजनगर के आधा दर्जन स्कूल भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों में पढाई के प्रति रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है परंतु बच्चे जिस भवन में पढाई करते है उस भवन की हालत काफी दयनीय हो गई है। आज से नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाला है लेकिन कहीं विद्यालय की दीवार में दरार तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है। ऐसे में जर्जर भवन में स्कूल संचालन होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- मरम्मत के अभाव में गिर रहे छत प्लास्टर, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

विकासखंड रामानुजनगर क्षेत्र में नया शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 का 26 जून से होने वाला है। लेकिन आज भी विकासखंड के कई विद्यालय ऐसे है जो मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हालत में हैं। वहीं दीवार में दरारें पड़ गई है तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा है ऐसे में छत से पानी टपकता है और दीवारों से पानी सिपेज करता है। स्कूल भवन की मरम्मत लंबे समय से नहीं होने से भवन कमजोर हो गई है जो गिरने की स्थिति है। जर्जर स्कूल भवन कई वर्षों से जीर्णोद्धार के लिए तरस रही है।प्रशासनिक उदासीनता रवैया के कारण स्कूल भवन की हालत ऐसी हो गई जिसका खामियाजा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड में कई स्कूल भवन के काफी जर्जर हो जाने के कारण स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे भवन में किया जा रहा है। इसके अलावा कहीं पर विद्यालय दो पाली में संचालित है तो है कहीं स्कूल ही दूर है। दो पाली में स्कूल संचालन होने से समय की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती होती जबकि विद्यालय दूर होने के कारण छोटे बच्चों को पैदल ही चल कर लंबी दूरी तय करना पड़ता है। विखं रामानुजनगर में जहां कई ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर की स्थिति में है जिस कारण कई वर्षों से जर्जर स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे स्कूल भवन में किया जा रहा है।



### मारपीट से घायल ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** ग्राम जजगा निवासी इंदर कुजूर (40 वर्ष) कुछ माह से पत्नी सुनीता कुजूर के साथ मठपारा में अपने ससुराल में रह रहा था। पति-पत्नी शराब पीने के आदि थे और अक्सर नशे की हालत में विवाद करते थे। बीती रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया मारपीट होने लगी। इसी बीच मारपीट से इंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

## स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सोनी, राकेश महासचिव

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राकेश सोनी प्रदेश महासचिव बनाए गए है। बता दें कि पिछले दिनों हरियारण के फरीदाबाद स्थित राजस्थान सेवा सदन में स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर वर्मा का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तरीय कार्यकारणी का चुनाव पुनः कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली निवासी सुरेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व चंडीगढ़ के सतीश कुमार सोनी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अधिक्वता डॉ. सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ में अहम भूमिका निभाने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश सोनी द्वारा भी स्वर्णकार हित में कार्य करने के कारण प्रदेश महासचिव बनाया गया है। डॉ.डीके सोनी प्रदेश अध्यक्ष एवं राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर उन्होंने राष्ट्रीय संगठन को धन्यवाद दिया है तथा प्रदेश में स्वर्णकार हित में कार्य करने को हमेशा अग्रसर रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण कला बोर्ड का गठन छत्तीसगढ़ राज्य में करने के साथ ही प्रदेश एवं संभाग स्तरीय स्वर्णकार भवन के निर्माण करने की भी प्रक्रिया करने का प्रयास किया जाएगा। डॉक्टर डीके सोनी को प्रदेश अध्यक्ष बनने तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश महासचिव राकेश सोनी के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व अध्यक्ष की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अन्य पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, प्रदेश संगठन महामंत्री राजू सोनी तथा संभागीय स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर सोनी संतोष सोनी, अखिलेश वर्मा, रितेश वर्मा, राजेश सोनी, कैलाश सोनी, प्रदेश सचिव अजय सोनी, नीलकमल सोनी, अंकित कुमार शाह, दीपक सोनी तथा महिला विंग में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा सोनी, प्रदेश महासचिव प्रीति सोनी की नियुक्ति की गई है।



## एसईसीएल खदान से पाइप चुराकर बेचने ले जा रहे आरोपी कबाड़ी मौक़े से फ़रार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की देर शाम बिश्रामपुर प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे रास्ते से शिवनंदनपुर के कबाड़ चोर युवक एसईसीएल खदान क्षेत्र में लगे लोहे की पाइप को चोरी कर कबाड़ी के पास विक्रय के लिए इतवारी बाजार स्थित कबाड़ दुकान ठेले में रख कर पहुँचा रहे थे,इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी सुरक्षा कर्मी व त्रिपुरा बटालियन की संयुक्त टीम के मौक़े पर पहुँचने पर आरोपी कबाड़ चोर युवक ठेला छोड़कर भाग निकले ।गश्ती टीम ने ठेले में लोड आधा दर्जन से अधिक की संख्या में लोहे के पाइप को जप्त कर अपने कब्जे में ले लिया है।बता दें कि वर्तमान में खदान क्षेत्रो में कबाड़ चोरों ने लगातार आतंक मचाया हुआ है।तथाकथित पुलिस विभाग से मिली हरी झंडी के कारण नगर में कबाड़ी बकायदा अपने घर मे टीना - टप्पर व प्लास्टिक ,कार्टून गत्ता खरीदने की आड़ में खदानों के भीतर घुसते हैं और यहाँ से चोरी कर लाए लोहे व ताम्बा के सामान व मशीनी उपकरणों की खुलेआम खरीदी बिक्री होती है इतवारी बाज़ार में होती है।दिन रात लोहे ताम्बा के कबाड़ उपकरणों की खरीदी होने पर सुबह तड़के सरगुज़ा के अम्बिकापुर अथवा सूरजपुर शहर में पिकअप वाहन में लोड कर कबाड़ व मशीनी उपकरणों को बड़े स्तर के कबाड़ियों को खपाया जा रहा है।

- एसईसीएल की संयुक्त सुरक्षा दल ने दबिश देकर चुराया हुआ सामान किया जब्त



26-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/26/2024 7:38 PM Page 1





# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'




हॉलीवुड मसाला




# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।



# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं


***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।

**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।



## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

**कोरबा।** कार्यपालन अभियंता हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर, कोरबा द्वारा जिले के सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया गया है कि आगामी वर्षाकाल 2024 के दौरान आवश्यकता होने पर बांगो बांध माचाडोली व हसदेव बरॉज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल प्रबंध संभाग उत्तरदायी नहीं होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, नुनिया, कछार, कोनकोना, पोड़ी-उपरोड़ा, चर्रा, पाराघाट, छिनमेर, सिरकीकला, केरा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डग्गुपारा, करमीपारा, जूनापारा, लोरीडांड, टुंगमुड़ा, तिलाईडाड़, नवागांव, झोरा, कौरीघाट, पोड़ीखोहा, डोंगाघाट, धनगांव, लोटलोटा, नर्मदा, औराकछार, झाबू, सोनगुड़ा, नवागांव, स्याहीमुडी, जेलगांव, चारपारा, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़यि, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, मोहर, देवरी, चिचोली, कटबितला, झीका व ढिठोली शामिल हैं।

### नेशनल लोक अदालत हेतु विविध बैठक का किया गया आयोजन

**कोरबा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा। श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदान किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में खगेश कुमार साहू, शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंडिया कंपनी कोरबा, के.सी. सुनील कुमार ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, एस.के. मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सी.बी. राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने एवं कृषकों को ऑनलाईन अभिभाषण कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त के तहत 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि सौगात के रूप में सीधे कृषकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अंतरित किया गया। कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखी का प्रमाणीकरण कर इस योजना का क्रियान्वयन निम्नवर्गीय कृषकों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। अब तक लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3.03 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। जिससे महिला कृषकों को अपनी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की आवष्यकता नहीं पड़ रही एवं वे आर्थिक रूप से उन्नत हो रहे हैं। योजना के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हे लखपति बनाना जैसी अनेक योजनाओं का संचालन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किया जा रहा है तथा उनके द्वारा किये गये प्रयास कृषि के क्षेत्र में सराहनीय है, जिसका लाभ वर्तमान में किसानों को मिल रहा है।

# डीईओ ने प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षकों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले शिक्षकों में खलबली**

अलग खबर

फर्जी दस्तावेज के सहारे शिक्षक की नौकरी पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ मिल रही शिकायतों की जांच पश्चात कार्यवाही शुरू हो गई है। उसी कड़ी में विकासखंड कोरबा के अंतर्गत आने वाले माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सहित चार शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच में शिकायत पुष्ट पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की है।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला करमंदी के प्रधानपाठक व तीन शिक्षकों के खिलाफ शिकायत मिली थी कि इनके द्वारा भर्ती के समय प्रस्तुत किए गए अंकसूची फर्जी है। शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा को जांच के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि इनके द्वारा ज्वाइनिंग के वक्त 12वीं की जो अंकसूची विभाग में प्रस्तुत की, उसके अंक सेवा पुस्तिका में दर्ज जानकारी से अलग है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर इस गड़बड़ी का जवाब मांगा। स्पष्टीकरण संतोषप्रद न मिला, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने चारों को निलंबित कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा की ओर से यह स्पष्टीकरण शासकीय प्राथमिक शाला करमंदी के प्रधान पाठक मिनेश कौशिक, विनोद निराला, राम लाल जांगड़े व दिलीप कुर्रे को जारी किया गया था। प्राथमिक जांच के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर इन सभी को डीईओ टीपी उपाध्याय ने सस्पेंड कर दिया है। इसमें प्रधान पाठक कौशिक की बात करें तो वर्ष 2007 में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की चयनित सूची प्राप्त प्राविण्य सह प्रतीक्षा सूची के आधार पर जारी हुई। तब शिक्षाकर्मी वर्ग के पद पर नियुक्ति के समय आवेदक द्वारा प्रस्तुत कक्षा 12वीं की अंकसूची तथा सेवा पुस्तिका में प्रस्तुत अंकसूची में अंतर है। इनके मिलान से पता चला कि कक्षा 12वीं की प्राप्तांक में भिन्नता है, जिस के कारण प्रधान पाठक को पिछले माह 20 मई को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। जिस आधार पर कार्यालय जनपद पंचायत कोरबा के द्वारा शिक्षाकर्मी वर्ग -3 के पद पर नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के समय प्रस्तुत कक्षा 12वी अंकसूची तथा सेवापुस्तिका में प्रस्तुत अंकसूची के अंकों में भिन्नता है।




**जांच में हुई पुष्टि**

नियुक्ति के समय जो अंकसूची प्रस्तुत किया गया था, उसमें दर्ज प्राप्तांक, वर्तमान में विभाग में प्रस्तुत दस्तावेज से अलग अलग है। इसे देखते हुए 4 शिक्षक एलबी को सस्पेंड किया गया है।

-टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

## 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन व परिवहन पर लगा हुआ है प्रतिबंध

# रेत तस्कर शहर को छोड़ वनांचल के नदी नालों को बना रहे हैं निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनजीटी के गाइडलाइन के तहत वर्षा ऋतु के दौरान रेत उत्खनन व परिवहन पर खनिज विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है लेकिन इसके बाद भी रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब शहरी क्षेत्र को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों को निशाना बनाते हुए नदी नालों को छलनी करने में लगे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि 10 जून से 15 अक्टूबर के बीच रेत उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है जिले के सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्करों के पौं बारह हो गए हैं और वे खनिज विभाग व पुलिस की आंखों में धूल झोंककर ग्रामीण क्षेत्रों के नदी नालों से जमकर रेत का उत्खनन कर रहे हैं। दो दिनों पूर्व चैन माउंटेन लगाकर बांगो थाना क्षेत्र के हसदेव नदी में रेत उत्खनन करने का मामला सामने आया था जिसके बाद खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और मौके से चैन माउंटेन जप्त किया गया था। जिसके बाद भी यह मामला शांत नहीं हुआ था और दो पक्षों में जमकर जूतम पैजर हुआ था। इस घटना के बाद भी रेत तस्करों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं और लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर नदी नालों में रात के अंधेरे में जमकर रेत की निकासी कर ऊंचे ऊंचे दामों में खपा रहे हैं। यहां तक की शहर में भी टीपर धड़ल्ले से दौड़ रही है। लोग भंडारण के नाम पर खेल कर रहे हैं और भंडारण की पर्ची पर ही जमकर उल्टा पलटी का खेल चल रहा है।



**15 दिन के भीतर 29 प्रकरण दर्ज किए गए हैं अवैध परिवहन के**

खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एनजीटी के गाइडलाइन के तहत 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत के उत्खनन, परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। जिले के किसी स्थान में अवैध उत्खनन व परिवहन ना हो इसके लिए खनिज विभाग की टीम लगातार अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों के दौरान खनिज विभाग की टीम ने अवैध परिवहन के कुल 29 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें रेत के 26 प्रकरण, मिट्टी ईंट के 2 प्रकरण व कोयला का एक प्रकरण दर्ज किया गया है। इस सभी मामलों में खनिज विभाग की टीम ने अवैध परिवहन करने वालों लोगों से 3 लाख 43 हजार 905 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया है जबकि मामले में अब तक 8 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। जिस पर अभी तक जुर्माने की कार्रवाई नहीं हो पाई है।

**निरंतर तस्करों पर हो रही है कार्यवाही**

जिले में रेत उत्खनन व परिवहन पर 15 अक्टूबर तक पाबंदी लगी हुई है। तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के लिए खनिज अमले की टीम निरंतर कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों में तस्करों के खिलाफ बड़ी बड़ी कार्यवाही की गई है जिसमें उत्खनन परिवहन के मामले शामिल हैं। खनिज विभाग की टीम निरंतर अभियान चलाकर तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करती रहेगी।

-**प्रमोद कुमार नायक,** उप संचालक, खनिज विभाग कोरबा

**अवैध भंडारण के चार तो उत्खनन के तीन प्रकरण हुए हैं दर्ज**

जिले में रेत तस्करों द्वारा रेत परिवहन व उत्खनन पर प्रतिबंध लगने के बाद भी रेत तस्करों के फैसले लगातार बुलंद है और वे लगातार इलाके पर क्षेत्र में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण कर रहे हैं। खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम द्वारा लगातार आउटर व शहरी क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि पिछले 15 दिनों के दौरान जिले में अवैध उत्खनन की कुल 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें मिट्टी के तीन प्रकरण एवं रेत के एक प्रकरण दर्ज हैं इन चारों मामलों में जहां मिट्टी उत्खनन करने वाले तीन लोगों को खिलाफ 81 हजार 305 रुपए तो रेत उत्खनन करने वाले के खिलाफ 54 हजार 570 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है जबकि अवैध भंडारण करने वाले चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिनसे 4 लाख 26 हजार 338 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में दिन और रात कार्रवाई कर रही है ताकि तस्करों के हौसलों को पश्त किया जा सके।



# वन अपराध कानून के महत्व पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

वन संरक्षण को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री बढ़ई द्वारा आज के समय में वन्यजीवों के महत्व को बताया गया एवं वन जीवों के शिकार को रोकने के लिए आज के समय में कानून का सही उपयोग कर वन अपराध में सम्मिलित लोगों को सही सजा दिलाने के लिए वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 को प्राथमिकता देने के लिए कर्मचारियों को बताया गया।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीव अपराध के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एडवोकेट फॉरेस्ट रायपुर निमेश किरण शर्मा एवं बायोलॉजिस्ट सिद्धार्थ जैन के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में वन संरक्षक वनप्राणी सरगुजा संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर, परिक्षेत्राधिकारी सोनहत महेश कुमार टुंडे, रामगढ़ के ललित पैकरा, कमर्जी जनकपुर के राजाराम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान सौरव सिंह ठाकुर द्वारा आज के समय में वन अपराध वन्य जीव अपराध को रोकने के लिए वन अपराध कानून के महत्व को बताया गया। कैसे हम सही धाराओं का उपयोग कर वन्य जीव अपराध में वन एवं उससे संबंधित कार्यों में अपनी निपुणता को प्रदर्शित करने के लिए प्रशिक्षण के महत्व को बताया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में एडवोकेट नीमेश किरण शर्मा के द्वारा बताया गया कि किस प्रकार वनप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के धाराओं का सही-सही एवं सटीक प्रयोग कर वन्य जीव अपराध में शामिल लोगों को वन विभाग उचित सजा दिलाने में कामयाब रहेगा। दूसरे दिन वनप्राणी अपराध से संबंधित क्षेत्रीय कार्य प्रशिक्षण को एक क्राइम सीन के माध्यम से किस प्रकार प्रकरण को शुरू से अंत तक सफल किया जाना है, उसके बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

# दोस्तों के साथ गया था पिकनिक मनाने, तीन दिन बाद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

2 दिन पहले तीन दोस्त पिकनिक मनाने हसदेव नदी तट पर गए हुए थे। जहां नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया था। जिसकी परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। तीसरे दिन लापता युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

■ बांगो थाना क्षेत्र के कारीघाट में पहुंचे थे पिकनिक मनाने

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिंझरा पंडरीपानी निवासी जयकुमार नागदेव 28 वर्ष पिता सपुरन नागदेव व उसके दोस्त अरुण कंवर एवं त्रिपुकार सिंह पिकनिक मनाने के लिए रविवार को बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कारीघाट स्थित हसदेव नदी पर पिकनिक मनाने पहुंचे गए थे। जहां नहाने के दौरान जयकुमार नागदेव डूब गया था। अरुण कुमार व त्रिपुकार सिंह घर पहुंचे और इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी लेकिन जयकुमार का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। घटना के तीसरे दिन मंगलवार को जयकुमार नागदेव का शव हसदेव नदी से बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे, फारेंसिक एक्सपर्ट सत्यजीत कोसरिया, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। शव एवं घटना स्थल निरीक्षण किए। प्रथम दृष्टया जयकुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होना पाया गया। मौत का स्पष्ट कारण पता लगाने के लिए पीएम करने एवं आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्शन संकलित कर परीक्षण के लिए एफएसएल भेजने के लिए निर्देशित किया गया।



नदी में तैरते युवक के शव का निरीक्षण करते अधिकारी।

**मामला संदिग्ध**

पुलिस के मुताबिक जयकुमार नागदेव व उसके दो दोस्त अरुण कुमार व त्रिपुकार सिंह पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे थे लेकिन जिस अवस्था में जयकुमार नागदेव की हसदेव नदी में लाश मिली इसे लेकर कई तरह के संदेह पैदा हो रहे हैं। बताया जाता है कि जयकुमार नागदेव पैंट शर्ट पहना हुआ था ऐसी स्थिति में वह आखिर कैसे हसदेव नदी के भीतर पहुंचा है यह सवाल जन्म ले रहा है। हालांकि इस मामले को लेकर जब बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। प्रथम दृष्टया डूबने से ही मौत का मामला सामने आ रहा है।

# दुकान से राशन ना खरीदने को लेकर दो पक्षों में सिर फुटव्वल, थाना परिसर में किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारपीट के एक मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज घायल अपने लोगों के साथ सिविल लाईन थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए थे। राशन दुकान में राशन नहीं लेने को लेकर उपजे विवाद के बाद खरमोरा अटल आवस में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पहले ही दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। वहीं घटना के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास निवासी सत्यम भारद्वाज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अटल आवास खरमोरा मे निवास करता है तथा टाईल्स मिस्त्री का काम करता है। वह पहले राजा सिह के किराना दुकान से समान खरीदते थे। राजा सिंह सत्यम भारद्वाज व अन्य लोगों को मंहगे दामों मे समान बिक्री करता था इसलिये सत्यम भारद्वाज व अन्य लोग पिछले 6 माह से उसके किराना दुकान से समान खरीदना बंद कर दिए हैं। जिस कारण राजा सिंह सत्यम भारद्वाज व अन्य लोगों से दुश्मनी रख रहा है। 24 जून की रात्रि 9.30 बजे लगभग उसी पुरानी रंजिश के कारण राजा सिंह एवं उसके साथी सत्यम भारद्वाज के घर के पास आकर उसे मां बहन की गाली देते हुए जमकर पिटाई की है। इस मामले में सत्यम भारद्वाज की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजा सहित उसके साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है जबकि श्रीमती अंजू सिंह की रिपोर्ट पर सत्यम भारद्वाज व दिलेराम व उनके साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 506 के तहत अपराध दर्ज किया था तो वहीं दूसरी ओर मंगलवार की सुबह सत्यम भारद्वाज एकपक्षीय कार्यवाही को लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचा और परिसर स्थित मंदिर के पास परिजनों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहा था। शाम को पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की है।



प्रदर्शन करता परिवार।

## खान मंत्रालय ने देशभर के 20 महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी प्रक्रिया की शुरु

# कटघोरा का बेशकीमती लिथियम ब्लॉक मैकी साउथ माइनिंग के हाथों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने नीलामी में देश का पहला लिथियम ब्लॉक खरीद लिया है। यह लिथियम ब्लॉक जिले के कटघोरा में मौजूद है। कंपनी को यह ब्लॉक 76.05 प्रतिशत की नीलामी प्रीमियम पर दिया गया है। कंपनी ने नीलामी के चौथे दौर में लिथियम ब्लॉक को खरीदने में सफलता पाई है। सोमवार को पूरी की गई नीलामी की प्रक्रिया के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय ने कहा है कि मैकी साउथ माइनिंग छत्तीसगढ़ में कटघोरा लिथियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता के रूप में सामने आई है।

यहां बताना होगा कि खान मंत्रालय ने 29 नवम्बर 2023 को देशभर में स्थित 20 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की पहली किश्त की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की थी। इसमें जिले के कटघोरा-घुंचापुर स्थित लिथियम ब्लॉक के लिए भी नीलामी प्रक्रिया शुरु हुई थी। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक की बोलीदाता कंपनी मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड का कारपोरेट ऑफिस कोलकाता में हैं। यह कंपनी 25 मई 2021 को अस्तित्व में आई है। कटघोरा-घुंचापुर में 256.12 हेक्टेयर में लिथियम ब्लॉक फैला हुआ है। इसमें 84.86 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड है। यहां लिथियम एंड री ब्लॉक का जी-4 सर्वे हो चुका है। सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है। नीलामी से जुटाया गया राजस्व राज्य सरकार को भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लिथियम की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया था। 100 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र से 138 नमूने एकत्र किए गए थे।



फाइल फोटो

### 250 हेक्टेयर में फैला है लिथियम का भंडार

कॉमर्शियल माइनिंग के तहत खदानों को केंद्र सरकार नीलामी के माध्यम से निजी कंपनी को सौंपती है। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कई बड़ी कंपनियों ने बोली लगाई थी। अर्जेंटीना की भी एक कंपनी द्वारा बोली में भाग लेने की बात सामने आई थी। नीलामी में सबको पीछे छोड़ते हुए भारत की ही मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने कटघोरा के लिथियम ब्लॉक को खरीदने में सफलता हासिल की है जिसका मुख्यालय वेस्ट बंगाल में है।

**लिथियम ब्लॉक के लिए दिया गया कंपोजिट लाइसेंस**

कटघोरा के लिथियम आरईई ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया गया है। इसमें परीक्षण और खनन दोनों का ही अधिकार शामिल है। कटघोरा के साथ ही कश्मीर के रियासी स्थित लिथियम ब्लॉक की भी नीलामी शुरू की गई थी। शुरुआती दौर में इसके लिए समुचित बोलीदार आगे नहीं आए थे। जिससे इसकी ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया को पूर्व में रोकना पड़ा। कटघोरा में देश का पहला लिथियम खदान बनेगा। कटघोरा का लिथियम ब्लॉक देश का ऐसा पहला खनन प्रोजेक्ट होगा जिसके लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया गया है।

